दिन–रविवार दिनांक– 07 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03ः10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि इंडी–गठबंधन के पास स्पष्ट दृष्टिकोण और विश्वसनीयता का अभाव है और उनका आपसी मतभेद सबके सामने है। आज नवादा के कुंती नगर में एनडीए प्रत्याशी विवेक ठाकुर के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्षी गठबंधन के नेता उनकी गारंटी से डरते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष भ्रष्टाचार को बढावा देना और विकास को बाधित करना चाहता है। श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने जनता से अब तक किए गए सभी वायदे पूरे किए हैं। श्री मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और अन्य़ विपक्षी दल देश को तोड़ना चाहते हैं क्योंकि वे नहीं चाहते कि संविधान पूरे देश में एकरूपता से लागू हो। उन्होंने कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र को तुष्टिकरण का दस्तावेज बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्ष के दौरान अनुच्छेद–तीन सौ सत्तर और तीन तलाक पर रोक जैसे कार्य उनकी गारंटी के प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि पांच सौ वर्ष बाद राम मंदिर का सपना पूरा हुआ है, जिसका कांग्रेस ने हमेशा विरोध किया। जनसभा को सम्बोधित करते हुए जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि केन्द्र सरकार के सहयोग से बिहार में चहुमुखी विकास हो रहा है। इस अवसर पर एनडीए घटक दलों के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी जनसभा को सम्बोधित किया।

————————————————————————

राजद नेता तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री की नवादा में आयोजित रैली पर कहा कि एनडीए के लोग मनोवैज्ञानिक रूप से डरे हुए हैं। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने रैली में गरीबी और बेरोजगारी जैसे सामाजिक मुद्दों पर कोई बात नहीं की।

————————————————————————

दूसरे चरण में छब्बीस अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी आठ अप्रैल तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। इस चरण की पांच सीटों कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर, बांका और किशनगंज लोकसभा क्षेत्र के लिए पचपन प्रत्याशियों के पर्चे वैध पाये गये हैं। वहीं, इकतीस नामांकन पत्र रद्द कर दिये गये हैं।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि आम चुनाव की घोषणा के बाद से सुविधा पोर्टल पर तिहत्तर हजार से अधिक आवेदन मिले हैं। सुविधा पोर्टल के माध्यम से चुनाव प्रचार अवधि के महत्व को देखते हुए रैलियां आयोजित करने, अस्थाई पार्टी कार्यालय खोलने, घर–घर जाकर प्रचार, वीडियो वैन, हेलीकॉप्टर, वाहन परमिट प्राप्त करने और प्रचार सामग्री वितरित करने की अनुमति ली जा सकती है। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि दलों और उम्मीदवारों के लिए समान रुप से सुविधा सुनिश्चित की जा रही है। आयोग ने कहा कि सुविधा पोर्टल चुनाव प्रबंधन में पारदर्शिता को भी बढावा देता है। सुविधा पोर्टल निर्वाचन आयोग की ओर से विकसित प्रौद्योगिकी है जो स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लोकतांत्रिक सिद्धांतों के अनुरुप समान सुविधा उपलब्ध कराता है।

———————————————————————

समस्तीपुर जिले में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार के नेतृत्व में पुनास ग्राम पंचायत के महादलित टोला सहित विभिन्न स्थानों पर स्वीप की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

शेखपुरा के आरडी कॉलेज मोड़ के पास चलाए जा रहे विशेष वाहन जाँच अभियान के दौरान पुलिस ने दो युवकों के पास से तीन कारतूस बरामद किया है।

———————————————————————

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज आईआईएम, बोधगया में आयोजित छठे दीक्षांत समारोह में एमबीए के उत्कृष्ट छात्रों को डिग्री और मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उप राष्ट्रपति ने छात्रों से राज्य और देश के विकास के लिए काम करने का आह्वान किया। समारोह में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और संस्थान के अध्यक्ष उदय कोटक भी उपस्थित थे।

———————————————————————

स्वास्थ्य के बारे में वैश्विक स्तर पर जागरुकता लाने के लिए आज विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस वर्ष के लिए थीम रखा है – मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार। इसका उद्देश्य आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव झेल रहे विश्व के लगभग साढ़े चार अरब लोगों को समुचित स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध कराना है। यह संख्या दुनिया की कुल आबादी के आधे से भी अधिक है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली की प्रोफेसर डॉ. रीमा दादा ने कहा कि जीवन शैली में बदलाव लाकर और योग जैसे अभ्यास अपनाकर अनेक रोगों को दूर किया जा सकता है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रदेश में कई जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

————————————————————————

राज्य में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अगले अड़तालीस घंटों के दौरान पटना समेत कई जिलों में हल्की बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। मौसम विभाग ने इस दौरान राज्य के दक्षिणी और दक्षिणी मध्य भागों में तेज हवा के साथ वज्रपात की चेतावनी भी जारी की है। इधर, पटना समेत राज्यभर में उत्तरी पछुआ हवा चलने से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। विभाग ने अगले चार दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक गिरावट का अनुमान व्यक्त किया है।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।